मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास


■ वर्ष : 45 ■ अंक : 172 ■ शुक्रवार 26 सितंबर 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**सोनू सूद से ED की 7 घंटे तक पूछताछ**

# संवेदनशील इलाकों में मंडरा रहे ड्रोन

- **ग्रामीण इलाकों की सुरक्षा चाक-चौबंद**
- **जिला कलेक्टर से सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित करने की मांग**

**कल्याण.** अंबरनाथ तालुका के अति संवेदनशील इलाकों में ड्रोन मंडराने लगे हैं। सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित इलाकों में ड्रोन से रील बनाकर वीडियो बनाए जा रहे हैं। हालाँकि, चूँकि इस तरह की बातें जाँच एजेंसियों की नज़र में नहीं आ रही हैं, इसलिए अब सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने जिला कलेक्टर के सामने शक्ति प्रदर्शन कर सुरक्षा समीक्षा की माँग की है। इसलिए, अब सबका ध्यान जिला कलेक्टर की सुरक्षा को लेकर होने वाली बैठक पर केंद्रित है।

ठाणे जिले का अंबरनाथ तालुका इलाका सुरक्षा की दृष्टि से बेहद अहम माना जाता है। हालाँकि, पिछले कुछ वर्षों में इस इलाके में अनधिकृत चॉलों के तेज़ी से निर्माण के कारण शहरीकरण तेज़ी से बढ़ा है। इस क्षेत्र में ड्रग्स



की बिक्री और संदिग्ध आतंकवादियों को देखते हुए, अब यूट्यूबर्स द्वारा अनधिकृत क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। हाजीमलंग क्षेत्र के चिंचवली इलाके में एक कंपनी के पास और हाजीमलंग के पहाड़ी इलाकों में ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके प्रचार पाने के लिए ड्रोन हवा में उड़ाए जा रहे हैं। हालांकि, यह देखा जा रहा है कि इस प्रकार की घटनाएं केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए सिरदर्द बढ़ा रही हैं। हालाँकि, इस संबंध में प्रतिबंध के आदेश जिला प्रशासन द्वारा केवल कागजों पर जारी किए जा रहे हैं।

### कलेक्टर से सुरक्षा की समीक्षा करने की मांग

भूमिपुत्र धर्माभिमानी संघ, ठाणे के मनसे उप-तालुका अध्यक्ष हेमंत मढवी ने ठाणे जिले के अंबरनाथ, ठाणे तालुकाओं में बढ़ते शहरीकरण, लगातार हो रही मादक पदार्थों की तस्करी की गतिविधियों और पुलिस थानों के विभाजन जैसे मुद्दों पर ज़िला कलेक्टर से ज़िले के तालुकाओं की सुरक्षा की तुरंत समीक्षा करने की माँग की है। इसलिए, अब ठाणे ज़िला कलेक्टर सुरक्षा की समीक्षा के लिए बैठक कब करेंगे? इस पर सबकी नज़र है।

अंबरनाथ समुद्र तट से सटा एक तालुका है। तालुका में बड़े औद्योगिक क्षेत्र हैं, भारतीय वायु सेना का प्रायोगिक स्कूल और चिंचवली में बेस है, साथ ही BARC चिंचवली, आयुध निर्माणी अंबरनाथ, कल्याण, अंबरनाथ, उल्हासनगर शहर और रेलवे स्टेशन पैदल दूरी पर हैं। इसलिए इस क्षेत्र में उड़ने वाले ड्रोनों पर नज़र रखने और कड़ी कार्रवाई करने की माँग की जा रही है।

# बुवापाड़ा में बच्चे की करंट लगने से मौत

- **अवैधनिर्माण कर्ता पर अपराध दर्ज**
- **10 वर्षीय लड़का बॉल लेने गया था छत पर**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के बुवापाड़ा हनुमान मंदिर के बाजू में हुए एक अवैध निर्माण के कारण एक 10 वर्षीय लड़के की करंट लगने से मौत हो गई है. अवैध निर्माणकर्ता श्यामसुंदर रामदुलार पांडेय के खिलाफ मृतक बच्चे की मां इंदू राकेश यादव ने अंबरनाथ पुलिस में अपराध दर्ज कराया है. इंदू के अनुसार 22 अप्रैल की शाम में उसका लड़के अंश राकेश यादव (10) पड़ोस के श्यामसुंदर पांडे के अवैध तरीके से बनाए गए पहली मंजिल पर बॉल लेने के लिए गया. छत पर महावितरण के खुले तार से उसको करंट लग गया और उसकी मौत हो गई. दूसरे दिन पता चला कि शव पांडे के घर के ऊपर पड़ा है. पांडे को आरोपी बनाया गया है.

इंदू के अनुसार पांडे ने अवैध तरीके से पहला मंजिल बनाया. उसके छत से महावितरण की खुली तार जा रही थी. उसने नजरअंदाज करके अवैध निर्माण करने से बॉल लेने गए उसके 10 वर्षीय बच्चे को जबरदस्त करंट लगा और उसकी मौत हो गई. घरवालों ने उसे रात में बहुत तलाश किया, लेकिन वह कहीं नहीं मिला. दूसरे दिन उन्हें पता चला कि बच्चा पांडे के घर के छत पर गया था. जहां करंट लगने से उसकी मौत हो गई है.

पहले ये कहा जा रहा था कि महावितरण की लापरवाही से अंश की मौत हुई है. पुलिस जांच में सामने आया है कि यहां पर कई वर्षों से महावितरण की वायर ऊपर से गई है. पांडे ने इस खुली तार से लगकर अवैध निर्माण करके अपना घर बनाया है. मामले की जांच महिला पुलिस उप निरीक्षक थोरात कर रही है. पांच महिने बाद पुलिस ने 23 सितंबर को अपराध दर्ज किया है.

## 4 घंटे में दो महंगे मोबाइल फोन चुराए

**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को भीड़भाड़ के दौरान चोरों ने दो यात्रियों की जेबों से उनके महंगे मोबाइल फोन चुरा लिए। इस चोरी के मामले में कल्याण लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार की रात कल्याण स्टेशन पर एक यात्री अपनी जेब में मोबाइल फोन रखकर टिकट खिड़की के पास सो रहा था। रात डेढ़ बजे से सुबह चार बजे के बीच, चोर ने बड़ी ही चतुराई से इस यात्री की जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया और भाग गया। दूसरी घटना में यात्री ने मोबाइल फ़ोन अपनी पतलून की जेब में रखा था. जैसे ही लोकल ट्रेन कल्याण रेलवे स्टेशन पर पहुँची, चोर ने भीड़ को देखते हुए कुशलता से यात्री की जेब से मोबाइल फ़ोन निकाल लिया।

# गड्ढों को लेकर कांग्रेसियों का अनोखा आंदोलन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में जानलेवा गड्ढों के कारण नागरिकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है और इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए उल्हासनगर कांग्रेस द्वारा एक अनोखा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत उल्हासनगर-3 स्थित टाउन हॉल रोड से की गई।

शुरुआत में सड़क पर मौजूद गड्ढों को ऑइल पेंट से चिन्हित कर उनकी गिनती की गई, ताकि वाहन चालक गड्ढों को स्पष्ट रूप से देख सकें और दुर्घटनाओं से बच सकें। साथ ही, कांग्रेस पदाधिकारी सड़क के चारों तरफ हाथों में नोटिस बोर्ड लेकर खड़े रहे।







'संकट क्षेत्र – उल्हासनगर महानगरपालिका सीमा शुरू', 'खतरा क्षेत्र – अपने जोखिम पर प्रवेश करें', 'अपने स्वास्थ्य और वाहनों का स्वयं ध्यान रखें, किसी भी नुकसान के लिए उल्हासनगर महानगरपालिका जिम्मेदार नहीं है' जैसे बोर्ड वाहन चालकों और नागरिकों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे।

इस जनजागरण आंदोलन में किशोर धड़के, नानिक आहूजा, कुलदीप ऐलसिंघानी, राजेश फक्के, बापू पगारे, फमिदा सैयद, उषा गिरी, ईश्वर जगियाशी, संतोष मिंडे, विशाल सोनवणे, पवन मिरानी, जयेश जाधव, वामदेव भोयर, रोहित ओव्हाल, देव अठावले, राजकुमारी नारा, दीपक गायकवाड़, रंजीत साल्वे समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे। इस आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस ने उल्हासनगर शहर की सड़कों की दयनीय स्थिति को दर्शाया और प्रशासन से नागरिकों की सुरक्षा का तुरंत ध्यान रखने की मांग की।

# नपा कार्यालय ताला ठोंको आंदोलन स्थगित

- **मुख्याधिकारी ने 21 दिन की मोहलत मांगी**
- **क्या मुख्याधिकारी अपना वादा पूरा करेंगे?**
- **भाजपा के लिए बना प्रश्नचिह्न**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के मुख्याधिकारी प्रशासक द्वारा शहर भाजपा को एक पत्र देकर कहा है कि तीन हफ्ते के भीतर वह भाजपा द्वारा किए गए मांगों को पूरा कर लेंगे. उनके द्वारा भाजपा कल्याण जिला महासचिव अभिजीत करंजुले एवं उनके साथियों से अपील की गई है कि वह 15 सितंबर को नपा कार्यालय को ताला ठोको आंदोलन वापस ले. उनकी इस विनती को देखते हुए भाजपा ने गुरुवार को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है. पत्रकार वार्तालाप में भाजपा द्वारा एक जंजीर और ताला भी बनाया गया था कि इस जंजीर और ताले से नपा कार्यालय को ताला ठोंका जाएगा. इस जंजीर और



ताले को भाजपा ने अपने कपाट में ताला मारकर रख दिया है.

भाजपा की ओर से एक पत्रक जारी करके कहा गया है कि अंबरनाथ शहर के विविध विकास कामों में अनियमितता रास्ते के कंक्रीटीकरण में भ्रष्टाचार और अंधेरे में डूबे शहर की बंद स्ट्रीट लाइट के विरोध में पहले 11 अगस्त को भाजपा ने नपा पर आक्रोश मोर्चा निकाला था, लेकिन मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने 40 दिन तक उनकी इस मांग को फाइलों में दबाकर रख दिया. भाजपा पदाधिकारी रोष में आ गए और उपरोक्त मांगों को लेकर 25 सितंबर को नपा कार्यालय में ताला ठोंकने की घोषणा की.

अब फिर से मुख्याधिकारी ने कहा है कि वह तीन हफ्तों में पूरी जांच करके उनकी मांगों को पूरा करेंगे. अब जनता में ये चर्चा हो रही है कि पहले आंदोलन के बाद 40 दिनों में मुख्याधिकारी कुछ नहीं कर सके तो अब 21 दिनों में वह भाजपा की मांगों को पूरा कर सकेंगे? खास करके विकास कामों में अनियमितता एवं रास्ते कंक्रीटीकरण में हुए भ्रष्टाचार की मांगों को वह जांच करके दोषियों को जनता के कठघरे में खड़ा करेंगे, ऐसी चर्चा शहर में हो रही है.



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। - वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## हरियाणा में लिंग अनुपात में असंतुलन

हरियाणा में लड़के और लड़कियों की संख्या में समानता लाने की दिशा में प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। इसका कारण समाज के एक बड़े हिस्से की सोच में बदलाव नहीं आना तो है ही, साथ ही सरकारी महकमों का लापरवाह रवैया भी इसके लिए उतना ही जिम्मेदार है। नतीजा यह कि राज्य कई वर्षों से लिंगानुपात में असंतुलन की समस्या से जूझ रहा है। निस्संदेह जब तक लड़के-लड़कियों में भेदभाव खत्म नहीं होगा, तब तक स्थिति बदलने वाली नहीं। हालांकि राज्य सरकार के कुछ सुधारात्मक कदमों से लिंगानुपात में थोड़ा सुधार हुआ है।

इस वर्ष एक जनवरी से बाईस सितंबर तक राज्य में लिंगानुपात एक हजार लड़कों पर 907 लड़कियां हो गया है, जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में 904 था। मगर चिंता की बात यह है कि राज्य के ग्यारह जिलों की तस्वीर अब भी नकारात्मक है। इससे यह भी पता चलता है कि राज्य में भ्रूण परीक्षण की पाबंदी पर सख्ती से अमल नहीं हो पा रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

सवाल यह है कि लिंगानुपात में असंतुलन क्यों है? दरअसल, इसकी जड़ें सामाजिक सोच और पुरानी मान्यताओं में दबी हैं। इससे समाज आज तक उबर नहीं पाया है। नब्बे के दशक में भ्रूण का पता लगाने की तकनीक का जो दुरुपयोग शुरू हुआ, वह बढ़ता चला गया। इसे रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए, लेकिन उन पर सख्ती से अमल नहीं हुआ।

वर्ष 2001 की जनगणना में हरियाणा में लिंगानुपात 861 तक गिर गया था। हालांकि राज्य में लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बाद स्थिति थोड़ी सुधरी। वर्ष 2019 में यह अनुपात 923 तक तक पहुंच गया। मगर पिछले वर्ष यह फिर घट गया। इससे स्पष्ट है कि सरकार के सामने चुनौतियां कम नहीं हुई हैं। इस दिशा में जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। परिवारों की उस सोच को भी बदलना होगा, जो बेटियों को आज भी बोझ मानते हैं। आज जरूरत है बेटियों के जन्म को सम्मान और समानता के नजरिए से देखने की।


# विचार: किसानों के लिए वरदान है नया जीएसटी

खेती सरल हो, उत्पादन लागत घटे और किसान को अधिक मुनाफा हो, इसके लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। अन्नदाताओं का जीवन बदलना और कृषि को विकसित बनाना प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य भी है और संकल्प भी। हाल में जीएसटी परिषद द्वारा किए गए संशोधन किसान हितैषी सोच को दर्शाते हैं।

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने जीएसटी में नेक्स्ट जेनरेशन रिफार्म का जो संकल्प लिया था, आज वह नए भारत की समृद्धि का आधार बन रहा है। देश की आम जनता और किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जीएसटी दरों में जो व्यापक सुधार किए गए, वे कृषि व्यवस्था को गति और किसानों को प्रगति देने वाले हैं।

इन सुधारों से देश के 10 करोड़ से अधिक सीमांत किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा। पहले जहां कृषि उपकरणों पर 18 प्रतिशत तक जीएसटी देना पड़ता था, वहीं अब यह दर घटाकर केवल 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसका मतलब है कि हर किसान को हजारों रुपये की सीधी बचत होगी। यदि कोई किसान 35 हार्सपावर का ट्रैक्टर खरीदता था तो पहले उसे लगभग 6.5 लाख रुपये खर्च करने पड़ते थे।

अब वही ट्रैक्टर करीब 6.09 लाख रुपये में मिलेगा। यानी लगभग 41 हजार की बचत होगी। 45 एचपी ट्रैक्टर पर करीब 45 हजार और 50 एचपी ट्रैक्टर पर 53 हजार रुपये की सीधी बचत होगी। बड़े 75 एचपी ट्रैक्टर पर लगभग 63 हजार रुपये का लाभ होगा। ट्रैक्टर ही नहीं, पावर टिलर पर करीब 12 हजार, धान



रोपण यंत्र पर 15 हजार और थ्रेशर पर लगभग 14 हजार रुपये की राहत मिलेगी।

पावर वीडर और सीड-ड्रिल जैसे उपकरणों पर भी 5 से 10 हजार रुपये तक की बचत होगी। जीएसटी सुधारों से कटाई और बोआई की बड़ी मशीनें भी किसानों को सस्ते में उपलब्ध हो सकेंगी। 14 फीट कटर बार पर करीब 1.87 लाख, स्क्वायरबेलर पर 94 हजार और स्ट्रारीपर पर करीब 22 हजार रुपये बचेंगे। मल्चर, सुपरसीडर, हैप्पीसीडर और स्प्रेयर भी सस्ते हुए हैं।

कृषि को अधिक लाभदायक बनाने के लिए मशीनीकरण जरूरी है। सिंचाई, ड्रिप इरिगेशन, कटाई मशीन, हाइड्रोलिक पंप और कलपुर्जों पर टैक्स घटने से सीमांत किसान भी आसानी से आधुनिक उपकरण खरीद पाएंगे। इससे श्रम लागत कम होगी, समय बचेगा और उत्पादकता बढ़ेगी। खेती के खर्च में कमी आने से स्वाभाविक रूप से किसान की आमदनी में वृद्धि होगी।

ये अनुमानित कीमतें हैं। कंपनियों और राज्यों की नीतियों के आधार पर थोड़ी-बहुत भिन्नता संभव है, लेकिन यह तय है कि किसानों की लागत घटेगी और फायदा निश्चित मिलेगा। किसानों को घटी हुई दरों का लाभ तुरंत मिले, इसके लिए मैंने कृषि मशीन निर्माताओं के संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की।

ये सुधार केवल किसानों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश की आर्थिक चक्रीयता और आत्मनिर्भरता के लिए अभिनंदनीय कदम हैं। कृषि की लागत घटने से किसान अपनी उपज से अधिक लाभ कमा पाएंगे, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। इसका सकारात्मक असर लघु और कुटीर उद्योगों पर भी पड़ेगा, क्योंकि उन्हें कच्चा माल सस्ते में उपलब्ध होगा और उत्पादन लागत घटेगी।

साथ ही एमएसएमई क्षेत्रों को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कृषि एवं पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं। मधुमक्खी पालन, डेरी, पशुपालन और सहकारी समितियों को जीएसटी में जो छूट दी गई है, उससे ग्रामीण आर्थिकी में नई समृद्धि आएगी। जब किसानों के खर्च कम होंगे और उनकी आय बढ़ेगी, तो वे अपनी जीवनशैली, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक निवेश कर सकेंगे, जिससे जीवन का चहुंमुखी विकास संभव होगा।

आज जब पूरी दुनिया पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ रही है, तब किसानों को सस्ते दामों पर जैव-कीटनाशकों और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी 12 से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इससे किसान रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने के बजाय धीरे-धीरे जैविक उर्वरकों की ओर बढ़ेंगे। मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी, धरती मां का स्वास्थ्य सुधरेगा और किसानों की लागत भी कम होगी।




अगर हम अपनी आत्मा की सुनेंगे, तो हम पायेंगे कि आंतरिक शांति और संतोष इस दुनिया की तमाम दौलत से कहीं अधिक मूल्यवान हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सपनों का घर या धोखाधड़ी

हर किसी का सपना होता है कि शहर में उसका भी अपना एक घर हो। इसके लिए वह अपने जीवन भर की पूंजी लगा देता है। खासकर मध्यम वर्ग के लोग इस सपने को पूरा करने के लिए अपने दैनिक खर्चे में कटौती कर बैंकों से कर्ज भी लेते हैं। मगर परेशानी तब बढ़ जाती है, जब तय समय पर उन्हें घर नहीं मिल पाता है। जाहिर है यह सब भवन निर्माताओं की मनमानी की वजह से ही होता है। ऐसे मामलों में कर्ज देने वाले बैंकों की भूमिका पर भी सवाल उठते रहे हैं।

देशभर में ऐसे सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें भवन निर्माताओं और बैंकों के बीच साठगांठ के आरोप लगे हैं। इसी घटनाक्रम में सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के बाद अब मुंबई, बंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में घर खरीदारों से धोखाधड़ी करने के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को छह नए मामले दर्ज करने की अनुमति दी है। सीबीआइ का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस संबंध में संज्ञेय अपराध का मामला बनता है।

इसमें दोराय नहीं कि मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बढ़ती महंगाई के इस दौर में शहरों में घर खरीदने के वास्ते रकम जुटाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में बैंकों से कर्ज लेना ही एकमात्र



विकल्प होता है। मगर इन्हीं बैंकों के कर्मी अगर भवन निर्माताओं के साथ साठगांठ कर घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने लगें, तो कर्ज की यह सुविधा ही मुश्किल में डाल देती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस वर्ष जुलाई में दिल्ली-एनसीआर में घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपों से जुड़े मामलों में बैंकों और भवन निर्माताओं के बीच साठगांठ की गहन जांच के लिए सीबीआइ को बाईस मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। ये मामले एनसीआर में कार्यरत भवन निर्माताओं और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के विकास प्राधिकरणों से संबंधित हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर के बाहर की आवास परियोजनाओं की प्रारंभिक जांच करने के लिए सीबीआइ को छह सप्ताह का समय दिया था।

दरअसल, शहरों में घर खरीदने वालों के लिए बैंकों ने ब्याज अनुदान योजना शुरू की है। इसके तहत बैंक स्वीकृत राशि सीधे भवन निर्माता के खातों में जमा करते हैं, जिन्हें तब तक स्वीकृत ऋण राशि पर किस्त का भुगतान करना होता है, जब तक कि आवास खरीदारों को नहीं सौंप दिए जाते।

सर्वोच्च न्यायालय ऐसे 1,200 से अधिक घर खरीदारों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिन्होंने एनसीआर, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में विभिन्न आवास परियोजनाओं में ब्याज अनुदान योजनाओं के तहत आवास बुक किए थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि आवास का कब्जा अभी तक नहीं मिला है और बैंक उन्हें कर्ज की किस्तों का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि बैंक नियमों के विपरीत घर खरीदारों पर दबाव क्यों बना रहे हैं?

साफ है कि बैंकों का यह रवैया आपसी मिलीभगत की ओर इशारा करता है और यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने इन मामलों में कडा संज्ञान लिया है। दूसरी ओर सरकार को भी इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए। विभिन्न परियोजनाओं के तहत घर खरीदने की पेशकश करने वाले भवन निर्माताओं और कर्ज देने वाले बैंकों पर नजर रखने के लिए माकूल निगरानी तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए, ताकि खरीदारों के हितों की रक्षा हो सके।


# 13 हजार फीट की ऊंचाई और दादी ने लगाई प्लेन से छलांग

कहते हैं सपनों की कोई उम्र नहीं होती. यदि दिल में जुनून और हिम्मत हो तो 70 साल की उम्र में भी इंसान वह सब कर सकता है, जो अक्सर

**जरा हट के**

युवा करने से डरते हैं. केरल के इडुक्की जिले की 70 वर्षीय दादी, लीला जोस पी, ने यही साबित कर दिखाया. आमतौर पर घरेलू जीवन जीने वाली लीला ने दुबई की ऊंचाइयों से छलांग लगाकर न केवल अपना सपना पूरा किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि जिंदगी को जीने का असली मजा तभी है जब हम अपने डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ें. उनकी स्काइडाइविंग की यह साहसिक कदम आज लाखों लोगों को प्रेरित कर रही है.

भारत में लीला चर्चा का विषय तब बनीं जब उनका स्काइडाइविंग का वीडियो वायरल हुआ. इसमें वह दुबई के मशहूर स्काईलाइन के ऊपर से बेखौफ होकर प्लेन से कूदती दिखीं. यह सपना उन्होंने अपने बेटे के परिवार से मिलने दुबई



आने के दौरान पूरा किया. पति के निधन के बाद लीला अक्सर बेटे अनीश पी. जोस (जो दुबई में रहते हैं) से मिलने आती रहती हैं. गल्फ न्यूज को लीला बताती हैं कि- 'मैंने केवल लोगों को प्लेन से कूदते सुना था, मुझे पता नहीं था कि इसे स्काइडाइविंग कहते हैं. जब भी ऊपर से विमान उड़ता, मैं सोचती कि लोग इसमें से कूदते कैसे होंगे. मुझे यह बड़ा दिलचस्प लगता था.' एक बार पड़ोसियों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह इच्छा जाहिर की. सब लोग हंस पड़े और मजाक उड़ाने लगे. लेकिन लीला ने हार नहीं मानी.

दुबई के एक दौरे पर जब पूरा परिवार Ain Dubai के पास ड्रोन शो देख रहा था, लीला ने दोबारा स्काइडाइविंग का जिक्र किया. उनका बेटा अनीश और बहू लिंटू (जो आयुर्वेद डॉक्टर हैं) चौंक गए. लेकिन बहू ने कहा- 'अम्माची (मां) बेवजह नहीं कहेंगी. अगर उनका मन है तो करने दीजिए.' अगले ही दिन बेटा लीला को स्काइडाइव दुबई (Skydive Dubai) ले गया. शुरुआत में सबको शक था कि क्या 70 साल की महिला को अनुमति मिलेगी. वहां पहुंचकर लोग समझे कि अनीश खुद स्काइडाइव करेंगे, लेकिन जब पता चला कि उनकी मां तैयार हैं, तो सब हैरान रह गए.




# लौकी की रबड़ी

नवरात्र में उपवास के दौरान फलाहार में हेल्दी चीजों को शामिल करना चाहिए। ऐसे में आमतौर पर लोग फल या साबुदाने से बनी चीजें ही खाते हैं, लेकिन आप कुछ नई और टेस्टी डिश भी शामिल कर सकते हैं। आइए जानें नवरात्र के फलाहार के लिए लौकी की रबड़ी बनाने की रेसिपी।

**सामग्री :**

- 1 छोटी लौकी (250 ग्राम), छीलकर कद्दूकस की हुई
- 1 लीटर फुल क्रीम दूध
- 1/2 कप चीनी
- 1/4 चम्मच इलायची पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच घी या तेल
- कुछ बादाम और पिस्ता, बारीक कटे हुए

**विधि :**

सबसे पहले, लौकी को छीलकर अच्छे से धो लें और फिर



कद्दूकस कर लें। कद्दूकस की हुई लौकी का सारा पानी निचोड़कर निकाल दें, ताकि रबड़ी अच्छी बने। अब एक कड़ाही या पैन में घी गरम करें। जब घी गरम हो जाए तो उसमें कद्दूकस की हुई लौकी डालकर मध्यम आंच पर 5-7 मिनट तक भूनें। लौकी को तब तक भूनें जब तक उसका रंग हल्का न हो जाए और कच्चापन निकल जाए। अब इसमें दूध डालें और इसे उबालने दें। जब दूध में उबाल आ जाए तो आंच को धीमा कर दें और इसे तब तक पकाएं जब तक कि दूध गाढ़ा होकर आधा न रह जाए। इसे बीच-बीच में चलाते रहें ताकि यह नीचे न लगे।

जब दूध गाढ़ा हो जाए और रबड़ी की तरह लगने लगे, तब इसमें चीनी और इलायची पाउडर डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं और 2-3 मिनट तक और पकाएं जब तक कि चीनी पूरी तरह घुल न जाए।

आंच बंद कर दें और रबड़ी को ठंडा होने दें। आप इसे फ्रिज में रखकर ठंडा भी कर सकते हैं।

ठंडी होने पर, रबड़ी को कटे हुए बादाम और पिस्ता से सजाकर परोसें।

# रोज 6 घंटे से ज्यादा बैठकर काम करना खतरनाक

## सेहत पर ऐसा पड़ेगा असर, जिंदगीभर रहेंगे परेशान !

कॉरपोरेट कल्चर में अधिकतर लोग ऑफिस में रोज 8-9 घंटे बैठकर लगातार काम करते रहे हैं. यह नया वर्क कल्चर बन गया है और कई लोग तो 12 घंटे तक बैठकर काम करते हैं. ऑफिस में बैठकर काम करना, ट्रैफिक में बैठना, फिर घर आकर टीवी देखना. ये सब मिलाकर हम दिन के 10 से 12 घंटे तक बैठे ही रहते हैं. बैठना भले ही आरामदायक लगता हो, लेकिन रिसर्च बताती हैं कि यह आदत हमारे शरीर को धीरे-धीरे बीमारियों की ओर धकेल देती है. ज्यादा देर तक बैठना न केवल वजन बढ़ाता है, बल्कि दिल की बीमारियों, डायबिटीज, कैंसर और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है. अगर आप भी दिनभर बैठकर काम करते हैं, तो आपको बीच-बीच में ब्रेक जरूर लेने



चाहिए, ताकि सेहत न बिगड़े.

TOI की रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिदिन लगातार 6 घंटे या उससे ज्यादा समय तक बैठने से सबसे पहले आपके मेटाबॉलिज्म पर बुरा असर पड़ता है. शरीर कैलोरी को धीरे जलाने लगता है, ब्लड शुगर बढ़ जाता है और फैट आसानी से जमा होने लगता है. इससे मोटापा, हाई ब्लड शुगर और हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या बढ़ जाती है. लंबे समय तक बैठे रहने से ब्लड सर्कुलेशन भी धीमा हो जाता है, जिससे हार्ट डिजीज और ब्लड क्लॉट्स का खतरा भी बढ़ जाता है. लगातार एक जगह बैठे रहने से कमर, गर्दन और कूल्हों की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं. इससे पीठ दर्द, गर्दन में अकड़न होने लगती है. ऑफिस में लंबे समय तक कंप्यूटर के सामने बैठने वालों को ये समस्याएं अक्सर हो रही हैं. उन्हें मांसपेशियों की जकड़न से चलने-फिरने में भी परेशानी होने लगती है और धीरे-धीरे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी भी कम हो जाती है.

कई रिसर्च में यह भी पाया गया है कि लंबे समय तक बैठे रहने से सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है. ऐसे लोग अक्सर थकान, तनाव, चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से जूझते हैं. शारीरिक सक्रियता न होने के कारण दिमाग में एंडोर्फिन और डोपामिन जैसे हैप्पी हार्मोन्स कम बनते हैं, जिससे मूड बिगड़ता है. यह सोचना गलत है कि अगर आप सुबह या शाम को थोड़ी देर एक्सरसाइज कर लेते हैं, तो पूरे दिन बैठने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा.

### 60 से 75 मिनट की फिजिकल एक्टिविटी जरूरी

- रिसर्च के अनुसार केवल एक्सरसाइज से बैठने के नुकसान पूरी तरह नहीं मिटते हैं. इसके लिए दिनभर में रुक-रुककर उठना और थोड़ा-थोड़ा चलना भी जरूरी है. विशेषज्ञों का मानना है कि दिन में कम से कम 60 से 75 मिनट की फिजिकल एक्टिविटी से इन खतरों को काफी हद तक कम किया जा सकता है.
- ऑफिस में हर 30-60 मिनट में खड़े होकर थोड़ा टहलें, शरीर को स्ट्रेच करें या सीढ़ियों का इस्तेमाल करें. वर्क फ्रॉम होम हो या ऑफिस स्टैंडिंग डेस्क का इस्तेमाल करें या कॉल करते समय चलते रहें. लंच या डिनर के बाद 10 मिनट की वॉक भी ब्लड शुगर कंट्रोल में मदद करती है. घर लौटते समय गाड़ी थोड़ा दूर पार्क करें या लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों से जाएं.
- ये छोटे-छोटे बदलाव आपके शरीर पर बड़ा असर डाल सकते हैं. लगातार 6 घंटे से ज्यादा बैठना आपके शरीर को चुपचाप बीमार कर सकता है, लेकिन नियमित ब्रेक, थोड़ी-थोड़ी एक्टिविटी और डेली एक्सरसाइज से आप इस नुकसान को रोक सकते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी। संपत्ति के लेनदेन में सावधानी रखें।

**वृषभ** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। व्यापारिक निर्णय लेने में देर नहीं करें।

**मिथुन** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूँजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

**कर्क** : क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं। परिवार में कलह-कलेश का माहौल रह सकता है।

**सिंह** : मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा। सगे-संबंधी मिलेंगे।

**कन्या** : मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

**तुला** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें।

**वृश्चिक** : वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक प्रगति में रुकावट आ सकती है।

**धनु** : नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। नवीन उपलब्धियों की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**मकर** : नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** : कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन** : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ के योग हैं। स्थायी संपत्ति क्रय करने के योग बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# अब करेला खाने में नहीं लगेगा कड़वा

## बस कड़वाहट दूर करने के लिए अपनाएं आसान तरीके

करेला, स्वाद में भले ही कड़वा हो, लेकिन सेहत के लिहाज से इसे एक सुपरफूड माना जाता है। यह न केवल डायबिटीज कंट्रोल करने में मदद करता है, बल्कि पाचन को सुधारता है, लिवर को डिटॉक्स करता है और स्किन को साफ रखने में भी सहायक होता है।

फिर भी बहुत से लोग इसकी कड़वाहट के कारण इसे खाने से कतराते हैं, लेकिन अब चिंता की बात नहीं है। कुछ घरेलू और बेहद आसान तरीकों को अपनाकर आप करेले की कड़वाहट को काफी हद तक कम कर सकते हैं, वो भी इसके पोषण को बिना नुकसान पहुंचाए। तो आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ असरदार तरीकों के बारे में-



### नमक लगाकर छोड़ना

करेले को पतला काटें और उस पर थोड़ा-सा नमक छिड़क कर 30 मिनट तक ढककर छोड़ दें। नमक कड़वे रस को बाहर निकालता है। बाद में इन्हें अच्छे से धो लें। यह तरीका सबसे प्रचलित और प्रभावशाली माना जाता है।

### गुनगुने पानी में भिगोकर रखना

कटा हुआ करेला गुनगुने पानी में 15-20 मिनट तक भिगोकर रखने से कड़वाहट काफी हद तक कम हो जाती है। आप चाहें तो इसमें थोड़ा सा नमक भी मिला सकते हैं।

### नींबू का रस मिलाना

नींबू का रस करेला पर डालकर उसे 20 मिनट तक छोड़ दें। नींबू की खटास करेला की कड़वाहट को संतुलित करती है और स्वाद में ताजगी भी लाती है।

### सिरका और चीनी का उपयोग

सिरका और थोड़ा सा चीनी मिलाकर करेले को कुछ देर मेरिनेट करें। सिरके की एसिडिक नेचर और चीनी की मिठास मिलकर कड़वाहट को कम करने में मदद करती है।

### दही में मेरिनेट करना

करेले को दही में डुबोकर 30 मिनट के लिए रखें। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड न केवल स्वाद में सुधार करता है, बल्कि करेला और भी सॉफ्ट बन जाता है।

### हल्का उबालना

करेले को हल्के नमक वाले पानी में 5 मिनट तक उबाल लें और फिर ठंडे पानी से धो लें। इससे उसका कड़वा रस बाहर निकलता है और सब्जी ज्यादा टेस्टी बनती है।

### छाछ में भिगोना

छाछ में करेला भिगोने से उसकी कड़वाहट काफी हद तक कम हो जाती है। साथ ही यह तरीका करेले को हल्का और पचने में आसान बनाता है।

इन आसान और घरेलू उपायों को अपनाकर आप करेले की कड़वाहट को कम कर सकते हैं और इसके अनगिनत हेल्थ बेनफिट्स का स्वाद के साथ आनंद उठा सकते हैं।

# बदलते मौसम में बालों की देखभाल कैसे करें?




बाल झड़ने की इस समस्या से निपटने के लिए लोग न जाने क्या-क्या उपयोग करते हैं। कई लोग तो मार्केट से महंगे-महंगे प्रोडक्ट खरीदकर लाते हैं और उसका उपयोग करते हैं। अगर बदलते मौसम में आपके भी बाल काफी तेजी से झड़ रहे हैं तो हम आपके लिए कुछ बेहतरीन घरेलू उपाय लेकर आए हैं, जिसको आप आसानी से उपयोग कर सकते हैं।

### बालों के लिए आंवले का रस

अगर आपके भी बाल झड़ रहे हैं तो आप भी अपने बालों में आंवले के रस को लगा सकते हैं। यह बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह बालों को नेचुरली मजबूत, घना और चमकदार बनाता है। बालों में आंवले का रस लगाने से स्कैल्प भी साफ होता है।

### बालों में आंवले का रस लगाने से क्या होता है?

मालूम हो कि आंवला में बड़े पैमाने पर विटामिन सी होता है, जो बालों को जड़ से मजबूत करता है। नियमित रूप से इसे बालों में लगाने से हेयर फॉल की भी समस्या दूर हो जाती है। इसमें टी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को भी रोकने में काफी मदद करते हैं।

### बालों में आंवला का रस कैसे लगाएं?

बालों में आंवले का रस लगाने के लिए आप सबसे पहले ताजे आंवले से इसके रस को निकाल लें। अब इसको अपने स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें। अब आप इसको अपने सिर पर करीब आधे घंटे तक ऐसे ही छोड़ दें। कुछ समय के बाद आप अपने सिर को माइल्ड शैम्पू से धो लें। आप इसको एक सप्ताह में दो बार लगा सकते हैं। इसको लगाने से बाल मजबूत होने के साथ-साथ घने भी होंगे।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### छोटा भांजा मौसेरी बहन को लेकर भागा, गुस्साए मौसा ने बड़े भांजे को चाकू गोदकर मार डाला

**बिजनौर.** रिश्तों को तार-तार करने वाला एक मामला यूपी के बिजनौर में सामने आया है। यहां छोटे भांजे द्वारा बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने से नाराज नजीबाबाद निवासी मौसा ने बड़े भांजे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सात साल पहले जेल की दीवार कूदकर भागा दो लाख का इनामी गिरफ्तार

**बदायूं.** यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। बदायूं जेल से भागे दो लाख के इनामी को सात साल बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बरेली यूनिट की एसटीएफ ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी सात साल से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। वह ब्लॉक प्रमुख की हत्या के मामले में बदायूं जेल में बंद था। 2018 में दीवार कूदकर फरार हो गया था। मुरादाबाद का रहने वाला सुमित ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र की हत्या के मामले में बदायूं में जेल में बंद था। 12 मई 2018 को वह अचानक से बदायूं जेल की दीवार कूदकर फरार हो गया। गुरुवार को बरेली यूनिट की एसटीएफ को सुमित के लोकेशन की जानकारी मिली तो उसने जाल बिछाया। एसटीएफ ने सुमित को पकड़ने के लिए टीम के साथ कई जगह छापेमारी की। पुलिस की कार्रवाई की जानकारी मिलने पर सुमित भी इधर-उधर भागता रहा लेकिन गुरुवार को वह एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया।

### गर्लफ्रेंड को मैसेज भेजकर युवक ने दिल पर सटाया तमंचा, खुद को गोली मारी, मौत

**मुरादाबाद.** यूपी के मुरादाबाद में प्रेम-प्रसंग में एक युवक ने अपनी जान दे दी। युवक का शव आम के बाग में खून से लथपथ मिला तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। अजीम के सीने में गोली लगने का निशाना है। उसके पास एक देशी तमंचा भी पड़ा मिला। वहीं जेब से दो कारतूस भी मिले हैं। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच के लिए सैंपल जमा किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली दिल के पास लगी मिली है।

### इरफान सोलंकी के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ

समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में भी उनकी जमानत याचिका हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली। जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच इरफान की याचिका मंजूर करते हुए उनके भाई रिजवान और इजराइल आटे वाला को भी राहत दी है। दोनों की भी जमानत याचिका मंजूर हो गई है। इरफान दो साल से जेल की सलाखों में हैं।

# 'जिनको नेपाल से ज्यादा प्रेम है वो नेपाल में जाकर रहें'

- **Gen-Z पर बोले CM फडणवीस**



**मुंबई.** इंडिया टुडे कॉन्क्लेव मुंबई के मंच से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मराठा आरक्षण से लेकर वोट चोरी के सवालों तक का बेबाकी से जवाब दिया. इस दौरान उन्होंने कहा कि जिनको नेपाल के Gen-Z से बहुत मोहब्बत है तो उन्हें नेपाल जाकर रहना चाहिए.

राहुल गांधी के 'Gen-Z वाले सवाल पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारत और नेपाल की स्थिति अलग है. उन्होंने कहा कि जिनको नेपाल से बहुत प्रेम है, वे नेपाल में रहें. उन्होंने यह भी कहा कि भारत के युवाओं के पास विरोध प्रदर्शन करने का समय नहीं है, क्योंकि वे स्टार्टअप्स, एआई, और आईटी जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं.

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारतीय युवा इंजीनियर हैं और उन्होंने दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है. वे सिलिकॉन वैली में भी मिलते हैं. उनका मानना है कि भारत की Gen-Z के विचार और सोच अलग हैं और वे नेपाल की तरह सोचकर काम नहीं करते हैं.

फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी ने सारे हथकंडे अपनाकर देख लिए हैं, वो हताश हैं. अब उन्हें लगता है कि Gen-Z से अपील करके कुछ कर लेंगे, लेकिन हमारे Gen-Z की नजर में राहुल गांधी की अहमियत क्या है, उसे हम नहीं बोलना चाहते हैं. भारत के युवाओं के पास विरोध प्रदर्शन करने का समय नहीं है.

बता दें कि पिछले दिनों राहुल गांधी ने देश के छात्रों और युवाओं को 1997 से 2012 के बीच जन्मे Gen-Z से देश के लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील की थी. उन्होंने देश में वोट चोरी के मुद्दे पर सड़क पर उतरने की बात कही थी. इस बात पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने नेपाल और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंधों को स्वीकार किया, लेकिन कहा कि आज दोनों पड़ोसी बहुत अलग हैं.

उन्होंने कहा कि भारत ने बहुत प्रगति की है और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. हमारे देश के युवा की सोच अलग है और दुनिया पर अपना वर्चस्व जमा रहे हैं, उन्हें सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने का टाइम नहीं है.

# मोदी बोले- देश में चिप से लेकर शिप तक बनाएंगे

- **किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं**
- **नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया**

**नई दिल्ली.** पीएम मोदी ने नोएडा में इंडिया एक्सपो मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ किया। उन्होंने कारोबारियों से कहा कि हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं। इसलिए अपना बिजनेस मॉडल ऐसा बनाइए जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता हो।

बदलती हुई दुनिया में जो देश जितना ज्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी ग्रोथ उतनी ही कॉम्प्रोमाइज रहने वाली है। इसलिए भारत को किसी पर निर्भर रहना अब मंजूर नहीं है। भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा। इससे पहले पीएम ने कारोबारियों से बात की। मोदी प्रोड्यूसर बोनी कपूर



और उनके बेटे अर्जुन से भी मिले।

ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। रूस पार्टनर देश के रूप में हिस्सा ले रहा है। अनुमान है कि इस बार ट्रेड शो में 5 हजार करोड़ का व्यापार होगा। शो में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) मॉडल का लाइव डेमो होगा। यूपी के 40 जिलों के उत्पाद ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यहां 2400 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं। हर दिन सुबह से रात तक सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# बिहार चुनाव से वोटों की गिनती का नया सिस्टम

**जब तक सभी पोस्टल बैलट न गिने जाएं, तब तक EVM के आखिरी राउंड की काउंटिंग नहीं होगी**

**पटना.** चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में बदलाव किया है। अब पोस्टल बैलट की गिनती में अगर देरी होती है तो EVM काउंटिंग रोक दी जाएगी। साथ ही बैलट ज्यादा होने पर काउंटिंग टेबल भी बढ़ाई जाएंगी।

दरअसल काउंटिंग के दिन बैलट की गिनती सुबह 8:00 बजे शुरू होती है, जबकि EVM काउंटिंग 8:30 बजे की जाती है। अभी तक यह होता था कि कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो जाती थी, जबकि बैलट में समय लगता था।

अब चुनाव आयोग के नए नियम के अनुसार, बैलट की गिनती बाकी होने पर EVM के सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग को रोक दिया जाएगा। तब तक बैलट की काउंटिंग को पूरा करना होगा। इलेक्शन कमीशन ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। नए नियम की शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी।

### आसान भाषा में समझिए....

मान लीजिए किसी बूथ पर ईवीएम मशीनों में 10 हजार वोट डाले गए हैं। इन्हें 5 राउंड में पूरा गिना जा सकता है। लेकिन बैलट वोट 1 हजार हैं और उनकी काउंटिंग में समय लग रहा है। तो ईवीएम काउंटिंग को चौथे राउंड पर रोक दिया जाएगा। जब तक कि बैलट के वोटों की गिनती पूरी न हो जाए।

### चुनाव आयोग बोला- इससे पारदर्शिता आएगी

चुनाव आयोग ने कहा कि यह कदम काउंटिंग प्रोसेस में समानता और ज्यादा पारदर्शिता लाएगा। खासतौर से उन सेंटर्स पर जहां पोस्टल की गिनती की जाती है। इस बदलाव से यह तय होगा कि सभी वोटों की गिनती सही तरीके से और बिना किसी पक्षपात के पूरी हो सके।

## गांधीनगर में गरबा के दौरान दो गुट भिड़े

**गांधीनगर.** गुजरात की राजधानी गांधीनगर जिले के बहियाल गांव में बुधवार की देर रात नवरात्र गरबा के दौरान दो गुटों भिड़ गए। इस दौरान उपद्रवियों ने गरबा मैदान में पथराव किया। इसके बाद दोनों गुटों के लोगों ने आसपास की दुकानों में तोड़फोड़ की और कई गाड़ियों में आग लगा दी।

पुलिस मौके पर पहुंची तो उपद्रवियों ने टीम पर भी हमला कर दिया। हालात काबू करने के लिए पुलिस को आंसूगैस के गोले भी छोड़ने पड़े। असिस्टेंट सुप्रीटेंडेंट ऑफ पुलिस आयुष जैन ने बताया कि इस मामले में अब तक 60 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# दुनिया की सबसे लग्जरी ट्रेन से मथुरा पहुंचीं राष्ट्रपति

- **बांके बिहारी के दर्शन किए**
- **निधिवन में 500 मीटर परिक्रमा लगाई**



**मथुरा.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दुनिया की सबसे लग्जरी ट्रेनों में से एक महाराजा एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह मथुरा के वृंदावन पहुंचीं। यहां उन्होंने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वह निधिवन पहुंचीं। यहां वृक्षों की पूजा की और 500 मीटर परिक्रमा लगाई।

राष्ट्रपति श्रीकुब्जा मंदिर और सुदामा कुटी भी जाएंगी। वह गुरुवार सुबह 8 बजे दिल्ली से रवाना हुईं। करीब डेढ़ घंटे बाद यानी 10 बजे वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पहुंचीं। ट्रेन के 18 में से 12 कोच राष्ट्रपति और उनके स्टाफ के लिए रिजर्व रखे गए थे। इनमें प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट, लाउंज और पावर कार शामिल हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू 7 घंटे मथुरा-वृंदावन में रुकेंगी। इस दौरान वह कई धार्मिक स्थलों पर दर्शन के लिए जाएंगी। द्रौपदी मुर्मू श्रीकृष्ण जन्मस्थान जाने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए थे।

# CDS बोले- 1962 जंग में एयरफोर्स को परमिशन नहीं मिली

- **वायुसेना का इस्तेमाल चीनी हमले को कमजोर कर सकता था, दुश्मन दबाव में आ जाता**

**नई दिल्ली.** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान एयरफोर्स के इस्तेमाल की परमिशन नहीं दी गई थी। अगर ऐसा होता तो चीनी आक्रमण को काफी हद तक कम किया जा सकता था।

CDS चौहान ने यह टिप्पणी पुणे में दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल एस पी पी थोराट की संशोधित आत्मकथा - 'रेवेइल टू रिट्रीट' के विमोचन कार्यक्रम में की। वे इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे।

उन्होंने कहा कि वायुसेना के इस्तेमाल से दुश्मन पर जल्दी हमला



करने और दबाव डालने का अवसर मिलता है। हां अब हालात बदल गए हैं। तब एयरफोर्स के इस्तेमाल को तनाव बढ़ाने वाला कदम कहा जाता था। अब ऐसा नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर इसका एक सटीक उदाहरण है।

CDS चौहान ने आगे कहा- 1962 की फॉरवर्ड पॉलिसी लद्दाख और पूर्वोत्तर सीमांत क्षेत्र (अब अरुणाचल प्रदेश) में एक जैसी नहीं हो सकती थी, क्योंकि दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति अलग थी। लद्दाख में चीन पहले ही कब्जा कर चुका था, जबकि पूर्वोत्तर में भारत का दावा मजबूत था।

### CDS जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल बढ़ाया

- केंद्र सरकार ने बुधवार को CDS जनरल अनिल चौहान (64) का कार्यकाल 8 महीने बढ़ाकर 30 मई 2026 तक कर दिया। जनरल चौहान का कार्यकाल पहले 30 सितंबर 2025 को समाप्त होने वाला था। CDS के लिए आयु सीमा 65 साल है और सरकार इस अवधि को बढ़ा भी सकती है।
- जनरल चौहान सितंबर 2022 से CDS और डिपार्टमेंट ऑफ मिलिटरी अफेयर्स के सचिव के रूप में सेवा दे रहे हैं। CDS ने ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) के समन्वय को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

# भाजपा ने धर्मेंद्र प्रधान को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया

**नई दिल्ली.** भाजपा ने गुरुवार को बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए हैं। बिहार के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को



सह-प्रभारी बनाया है।

वहीं, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को सह प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा तमिलनाडु में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को प्रभारी और मुरलीधर मोहोल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, यहां फिलहाल नीतीश कुमार की JDU और भाजपा गठबंधन की सरकार है। वहीं, 2026 में मार्च से मई के बीच पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव होंगे। बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी TMC और तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) सत्ता में है।

# लद्दाख हिंसा पर केंद्र बोला- वांगचुक ने लोगों को भड़काया

- **कई अपील के बावजूद भूख हड़ताल जारी रखी; लेह में कल 4 की मौत हुई**



**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने लद्दाख में बुधवार को हिंसा के लिए सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया। गृह मंत्रालय ने देर रात बयान में कहा, 'वांगचुक ने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया, हिंसा के बीच अपना उपवास तो तोड़ा, लेकिन हालात काबू करने के प्रयास की जगह एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए।'

मंत्रालय ने कहा- कई नेताओं ने वांगचुक से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने हड़ताल जारी रखी। उन्होंने अरब स्प्रिंग शैली और नेपाल में जेन-जी विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करके लोगों को गुमराह किया।'

दरअसल, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर वांगचुक ने 10 सितंबर से भूख हड़ताल शुरू की थी। बुधवार को छात्रों और स्थानीय लोगों ने लेह में उनकी पिछले मांगें पूरी नहीं करने के विरोध में केंद्र के खिलाफ बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई।

प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस और CRPF की गाड़ी में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों में झड़प भी हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हुई, 80 से ज्यादा लोग घायल हुए। करीब 30 सुरक्षाकर्मी भी घायल हैं। लेह में कल से कर्फ्यू लागू है।

### वांगचुक की संस्था के खिलाफ CBI जांच शुरू

सोनम वांगचुक की संस्था पर विदेशी चंदा कानून (FCRA) उल्लंघन के आरोपों की सीबीआई जांच शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच कुछ समय से चल रही है, लेकिन अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। वांगचुक ने बताया कि करीब 10 दिन पहले सीबीआई की एक टीम आदेश लेकर उनके पास आई थी। यह आदेश गृह मंत्रालय की शिकायत पर आधारित था, जिसमें कहा गया कि उनकी संस्था हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (HIAL) ने विदेशी चंदा लेने के लिए जरूरी मंजूरी नहीं ली।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान



- **गिल कप्तान, जडेजा उपकप्तान**
- **2 अक्टूबर से अहमदाबाद में पहला टेस्ट**

वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम में 15 मेंबर्स को चुना गया है। स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है। रेगुलर उपकप्तान ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हो गए थे, वे अभी पूरी तरह फिट नहीं हुए हैं। BCCI ने गुरुवार को दुबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम का ऐलान किया।

सीरीज का पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली में होगा।

सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा- उम्मीद है कि पंत साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट (नवंबर में) के लिए उपलब्ध होंगे।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत तीसरे नंबर पर

भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाली यह दो मैचों की सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025-27 का हिस्सा है। फिलहाल भारत पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी। वहीं, वेस्टइंडीज अब तक खेले गए तीनों मैच हारकर छठे स्थान पर है।

इस WTC साइकिल में भारत की पहली होम सीरीज है। वहीं वेस्टइंडीज की घर से बाहर पहली सीरीज है।

टेस्ट टीम के रेगुलर उपकप्तान ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया A के खिलाफ खेल रहे हैं।


# पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

- **स्पेशल ट्रेन बनाई; रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के बाद ऐसा करने वाला चौथा देश**

भारत ने बुधवार की देर रात रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम से लॉन्च की गई। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने वाला कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम है।

भारत से पहले रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया मोबाइल रेल लॉन्चर का टेस्ट कर चुके हैं। लिस्ट में अमेरिका का नाम भी शामिल है, लेकिन उसने पुष्टि कभी नहीं की। अग्नि प्राइम मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है। जो एडवांस्ड फीचर से लैस है।





### यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए महत्वपूर्ण क्यों...

- यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी युद्ध के दौरान सेना को लॉन्चिंग पॉइंट तक जाने वाली रेल लाइन की जरूरत होती है। कुछ मिसाइलों को उनके वजन के चलते मूव करना आसान नहीं होता था। अब यह परिदृश्य बदल जाएगा।
- इसका मतलब यह भी है कि सेना दुश्मन की नजरों से बचाने के लिए अपनी मिसाइलों को रेल सुरंगों में छिपा भी सकती है। रक्षामंत्री ने भी लिखा है कि यह रेल बेस्ड मोबाइल लॉन्चर मिसाइल को रात के अंधेरे और धुंध भरे इलाके से भी कम समय में लॉन्च कर सकता है।
- 70 हजार किलोमीटर रेल लाइन के साथ भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है। दक्षिण में कन्याकुमारी, उत्तर में बारामूला, पूर्व में साइरंग और पश्चिम में ओखा देश के सबसे रिमोट रेलवे स्टेशन हैं। यानी यहां तक रेल कनेक्टिविटी है।

# मोहाली में जिम मालिक को 4 गोलियां मारीं

- **चंडीगढ़ के होटल पर भी फायरिंग**
- **जेल में बैठे बदमाशों ने दी थी धमकी**
- **CCTV में दिखे हमलावर**



पंजाब में मोहाली के फेज-2 में गुरुवार (25 सितंबर) सुबह करीब 4:50 बजे जिम मालिक विक्की पर बाइक सवार 2 बदमाशों ने 5 राउंड फायरिंग की। इसमें विक्की को 4 गोलियां लगी।

फायरिंग का पता चलते ही जिम ट्रेनर उसे बाइक पर इंडस अस्पताल में लेकर पहुंचा। यहां गंभीर हालत को देखते हुए उसे चंडीगढ़ रेफर किया गया। परिवार ने रंजिश में हमले का आरोप लगाया है। मोहाली पुलिस के साथ चंडीगढ़ पुलिस भी जांच के लिए मौके पर पहुंची।

एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें फायरिंग की आवाज और बाइक पर हमलावर भागते हुए दिख रहे हैं। जानकारी के मुताबिक हमलावरों ने चंडीगढ़ के कजहेड़ी के एक होटल में भी फायरिंग की है। ये होटल विक्की के दोस्त का है।

### जिम के बाहर गाड़ी में लेटा हुआ था विक्की

विक्की जिम के बाहर अपनी बलेनो कार में लेटा हुआ था, तभी बाइक पर आए बदमाशों ने उस पर गोलियां चला दीं। जिम मालिक की टांगों में 4 गोलियां लगी हैं। मौके पर मौजूद मार्केट फेज-2 के चौकीदार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना फेज-1 की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# RJD के औरंगजेब?

- **भाई की राजनीति का गला रेता और पिता कैद में**
- **तेजस्वी पर BJP का वार**

**पटना.** जैसे-जैसे बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे आरोप-प्रत्यारोप का दौर गहराता जा रहा है। राज्य और केंद्र की सरकार में शामिल भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने लालू परिवार में खटपट की खबरों के बीच विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को RJD का औरंगजेब करार दिया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने आरोप लगाया है कि तेजस्वी यादव राजद के औरंगजेब हैं, जिन्होंने पहले भाई का सियासी गला रेत दिया और अब पिता को कैदखाने में बंद कर उन्हें चुप रहने को मजबूर कर दिया है।

लालू परिवार में जंग की एक खबर साझा करते हुए अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'तेजस्वी यादव की कोई तो कमजोर नस है, जिसे संजय यादव ने दबा रखा है! संजय के दबाव में तेजस्वी अपने ही पूरे परिवार का गला घोंट रहे हैं। अब तो बच्चा-बच्चा कहने लगा है — राजद का रिमोट संजय यादव के हाथ में है। लालू प्रसाद लाचार होकर सब कुछ देखने पर मजबूर हैं। RJD के 'औरंगज़ेब' ने भाई की राजनीति का गला रेत दिया और पिता को मानो क़ैदखाने में चुप रहने पर मजबूर कर दिया।'

### रोहिणी ने परिवार के सभी लोगों को किया अनफॉलो

अभी हाल ही में लालू यादव की बेटी और तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य ने परिवार के सभी सदस्यों को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अनफॉलो कर इस बात के बड़े संकेत दिए हैं कि लालू परिवार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। कुछ दिनों पहले रोहिणी ने तेजस्वी की यात्रा के दौरान बस की अगली सीट पर संजय यादव के बैठने की तस्वीर साझा कर उन पर हमला बोला था। संजय यादव पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और राज्यसभा सांसद हैं। उन्हें तेजस्वी का सलाहकार और रणनीतिकार माना जाता है।

उल्हास विकास



## संक्षेप...

### अब एक ही ऐप के माध्यम से मुंबई की तीनों मेट्रो लाइन का टिकट खरीद सकेंगे

**मुंबई.** मुंबई मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों का टिकट खरीदने का टेंशन खत्म हो गया है। यात्री अब एक ही ऐप के माध्यम से मुंबई की तीनों मेट्रो लाइन का टिकट खरीद सकेंगे। अब तक किसी भी एक ऐप पर मुंबई की सभी मेट्रो लाइनों की टिकट सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस कारण से यात्रियों को अलग-अलग ऐप या टिकट काउंटर पर लाइन लगाकर टिकट लेना पड़ता था ।वनटिकट ऐप के माध्यम से एक मेट्रो से उतरकर दूसरी मेट्रो में सफर करने के लिए यात्रियों को अब टिकट खरीदने का टेंशन नहीं होगा। मेट्रो-1 के सहयोग से वनटिकट ऐप को ओएनडीसी प्लैटफॉर्म पर लॉन्च किया गया है। जून 2025 में मेट्रो- 3 कॉरिडोर के लिए यह ऐप लॉन्च किया गया था। यात्रियों से मिले अच्छे प्रतिसाद के बाद ऐप को अपडेट कर लॉन्च किया गया है। मुंबई में मेट्रो-7, मेट्रो-2ए का संचालन महा मुंबई रेल कॉर्पोरेशन करता है.

# समीर वानखेड़े ने शाहरुख खान पर किया मानहानि का केस

- **2 करोड़ मुआवजा मांगा**
- **आरोप- आर्यन की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से इमेज बिगाड़ी**





**मुंबई.** पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) अधिकारी समीर वानखेड़े ने आर्यन खान ड्रग्स मामले से जुड़े वेब सीरीज 'द बैड बॉयज ऑफ बॉलीवुड' में अपने इमेज को लेकर नेटफ्लिक्स, शाहरुख खान और सीरीज के निर्माताओं के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। वानखेड़े ने शाहरुख खान, उनकी पत्नी गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और अन्य पक्षों से 2 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है, जिसे वे कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल को दान करने की बात कह रहे हैं।

खेड़े के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि का केस दर्ज किया है। इसमें शाहरुख खान और गौरी खान की स्वामित्व वाली रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स और अन्य के खिलाफ स्थाई और अनिवार्य निषेधाज्ञा, घोषणात्मक राहत और हर्जाने की मांग की गई है। यह मुकदमा रेड चिलीज द्वारा निर्मित और नेटफ्लिक्स पर 'द बैड बॉयज ऑफ बॉलीवुड' नामक टेलीविजन सीरीज के एक हिस्से के रूप में प्रसारित झूठे, दुर्भावनापूर्ण और मानहानिकारक वीडियो से उत्पन्न क्षति के कारण दायर किया गया है।

बयान के अनुसार, यह सीरीज नशीली दवाओं के खिलाफ कार्य करने वाली प्रवर्तन एजेंसियों का भ्रामक और गलत इमेज प्रस्तुत करती है, जिससे कानून प्रवर्तन संस्थानों के प्रति जनता का विश्वास कमजोर होता है। बयान में कहा गया है कि 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' सीरीज के पहले एपिसोड में समीर वानखेड़े से प्रेरित एक किरदार बॉलीवुड पार्टी के बाहर पहुंचता है और उन लोगों की खोज करता है जो 'ड्रग्स' का सेवन कर रहे हैं।

अपने बयान में वानखेड़े ने आरोप लगाया है कि 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' को 'जानबूझकर उनकी छवि को पक्षपाती ढंग से धूमिल करने के उद्देश्य से बनाया और पेश किया गया है। मीडिया को दिए गए बयान में उन्होंने कहा कि विशेष रूप से तब जब समीर वानखेड़े और आर्यन खान से संबंधित मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय और मुंबई के एनडीपीएस विशेष न्यायालय में विचाराधीन है।

बयान में वानखेड़े ने आगे कहा कि इसके अलावा सीरीज में एक किरदार को अशोभनीय इशारा करते हुए दर्शाया गया है, खासकर जब वह 'सत्यमेव जयते' का नारा लगाते हुए, जो राष्ट्रीय प्रतीक का हिस्सा है, मिडिल फिंगर दिखाता है। यह कार्य राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन है, जिसके लिए कानूनी दंड का प्रावधान है।

## हत्या के मामले में दंपति को कोर्ट ने किया बरी

**ठाणे.** ठाणे की एक जिला अदालत ने दिवा इलाके में बुजुर्ग की हत्या के आरोपी दंपति को यह कहते हुए बरी कर दिया है कि अभियोजन पक्ष के गवाहों के साक्ष्य विश्वसनीय नहीं थे। न्यायाधीश एस. बी. अग्रवाल ने बुधवार को पेशे से नलसाज मोहम्मद जुबेर (29) और उनकी पत्नी रेशमा जुबेर (30) को बरी कर दिया।

दंपति पर तीन दिसंबर, 2022 की रात को अभिमन्यु कालू पाटिल (65) की हत्या करने का आरोप था।अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि आरोपी दंपति पाटिल के घर के बाहर एक टिन शेड से कुछ चुरा रहे थे और जब उन्होंने शोर मचाया, तो जुबेर ने उनपर (पाटिल पर) लाठी से हमला कर दिया। रेश्मा पर आरोप था कि इस दौरान उसने पाटिल को पकड़ रखा था। हालांकि, अदालत ने कहा कि इस मामले के सभी पांच चश्मदीद 'हितधारक गवाह' थे, जिनमें से तीन मृतक के किरायेदार और दो उनके रिश्तेदार थे। न्यायाधीश ने कहा कि शेड का इस्तेमाल केवल खाना पकाने के लिए किया जाता था और एक गवाह ने स्वीकार किया कि वहां कोई कीमती सामान नहीं रखा गया था। अदालत ने दंपत्ति को बरी करते हुए कहा कि अभियुक्तों को संदेह का लाभ दिया जाना चाहिए।

# महाराष्ट्र का पहला क्रिप्टोकरेंसी इन्वेस्टिगेशन सेल ठाणे में शुरू

- **क्राइम केस की ट्रैकिंग होगी आसान**

ठाणे. ठाणे में पुलिस ने राज्य में पहली बार स्पेशल क्रिप्टोकरेंसी इन्वेस्टिगेशन सेल की शुरुआत की है. अधिकारियों ने कहा कि यह सेल ठाणे साइबर पुलिस ऑफिस में लॉन्च किया गया. इस यूनिट का मुख्य उद्देश्य उन मामलों की जांच करना है, जिनमें अपराधी क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल कर अवैध लेन-देन, गबन और धोखाधड़ी करते हैं.

एजेंसी के अनुसार, पुलिस ने बताया कि साइबर मामलों की जांच के दौरान यह सामने आया है कि अपराधी धन को क्रिप्टोकरेंसी के जरिए ट्रांसफर कर रहे हैं. ऐसे मामलों में न सिर्फ पैसों का पता लगाना मुश्किल हो जाता है, बल्कि जब्त करने की प्रक्रिया भी जटिल हो जाती है. अधिकारियों का कहना है कि हर थाने में पहले से साइबर सेल मौजूद हैं, लेकिन क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मामलों की जांच के लिए विशेषज्ञता की आवश्यकता थी. इसी कमी को पूरा करने के लिए ठाणे पुलिस ने यह कदम उठाया है. यह सेल न केवल तकनीकी विशेषज्ञता के साथ मामलों की जांच करेगी, बल्कि अधिकारियों को क्रिप्टोकरेंसी और ब्लॉकचेन तकनीक की गहराई से समझ भी देगी.

ठाणे पुलिस के अनुसार, साइबर क्राइम की जांच के दौरान सामने आया कि अपराधी अपराध से कमाए गए धन को क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहे हैं. इस कारण धन का पता लगाना और उसे जब्त करना कठिन हो गया है. नई यूनिट इस चुनौती से निपटने में भूमिका निभाएगी.

क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है. जहां यह टेक्नोलॉजी निवेश और व्यापार के नए अवसर लेकर आई है, वहीं अपराधी भी इसका उपयोग कर रहे हैं. ऑनलाइन धोखाधड़ी, रैनसमवेयर हमले और हवाला जैसे मामलों में क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल लगातार सामने आ रहा है. ठाणे पुलिस का मानना है कि इस तरह का विशेष सेल अपराधियों पर नकेल कसने में मदद करेगा.

# धामनकर नाका मित्र मंडल जिले में प्रथम स्थान से गौरवान्वित

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा संचालित सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल, धामनकर नाका मित्र मंडल ने एक बार फिर राज्य सरकार के सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित गणेशोत्सव प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने का गौरव हासिल कर भिवंडी शहर का नाम रोशन किया है.मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार और कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने मंडल धामनकर नाका मित्र मंडल संस्थापक अध्यक्ष संतोष शेट्टी को सम्मान पत्र और 50,000 रुपये नकद देकर सम्मानित किया. धामनकर नाका मित्र मंडल ने लगातार दूसरे वर्ष यह पुरस्कार जीता है.

प्रथम पुरस्कार पर अपार हर्ष प्रकट करते हुए स्वाभिमान सेवा संस्था संस्थापक अध्यक्ष,पूर्व मनपा पार्षद संतोष शेट्टी ने बताया कि,धामनकर नाका मित्र मंडल गणेशोत्सव को एक धार्मिक उत्सव के रूप में नहीं मना रहा है, बल्कि सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जनता के लिए विभिन्न गतिविधियों को क्रियान्वित कर रहा है. गणेशोत्सव के दौरान रक्तदान, नेत्र चिकित्सा शिविर, छात्रों के लिए शस्त्र प्रदर्शनी, टीम गेम, शतरंज प्रतियोगिता, पारंपरिक भजन,गरीब महिलाओं को रोजगार हेतु सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शेट्टी ने बताया कि मंडल प्रथम पुरस्कार के रूप में प्राप्त 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि में 50,000 रुपये और जोड़कर कुल 1लाख रुपए सूखा प्रभावित लोगों के राहत कार्य के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष में दान करेगा. पुरस्कार स्वीकार करते समय संस्थाध्यक्ष संतोष शेट्टी के साथ पदाधिकारी हसमुख पटेल, राजेश शेट्टी, राकेश पटवारी, प्रशांत पुजारी, ईश्वर पामू, राम बुरा, दिनेश शेट्टी, सतीश सुनकी, मुन्ना शेट्टी, अभिजीत म्हसकर, मनीष मिश्रा, सागर कंकुटला आदि उपस्थित थे.

## "संत समागम एवं क्षमापना दिवस"

**मुंबई.** महावीरायतन फ़ाउंडेशन के तत्वावधान में "संत समागम एवं क्षमापना दिवस" का भव्य आयोजन रविवार को दोपहर 2:30 बजे तेरापंथ भवन, कांदिवली (पूर्व), मुंबई में संपन्न होगा।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि तथा केंद्रीय मंत्री श्रीपद यशो नायक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह महोत्सव विविध संस्कृतियों, विचारधाराओं और समुदायों को एक सूत्र में बाँधते हुए यह आयोजन आत्मीयता, सद्भाव और अहिंसा के वैश्विक मूल्यों की स्थापना में ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगा।

# भिवंडी मनपा का महाश्रमदान

**भिवंडी.** सरकार के निर्देशानुसार समूचे प्रदेश में 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान 2025 चलाया जा रहा है. स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत भिवंडी मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर के मार्गदर्शन में भिवंडी मनपा द्वारा पूरे जोशखरोश के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया.स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान करीब 500 से अधिक सफाई कर्मियों की टीम के साथ ही तमाम अधिकारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर अंजुरफाटा से वंजारपट्टी नाका, वंजारपट्टी नाका से ग्रीनलैंड होटल, वंजारपट्टी नाका से छत्रपति




शिवाजी महाराज चौक, स्वर्गीय आनंद दिघे चौक से साईंबाबा मंदिर रंजनोली नाका, स्व.हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे फ्लाईओवर,स्व. राजीव गांधी फ्लाईओवर, भारतरत्न स्व. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम फ्लाईओवर आदि की सफाई की और कचरा, प्लास्टिक, मिट्टी आदि को उठाकर कचरा घंटा गाड़ी में डालकर सफाई कार्य को अंजाम देते हुए शहर स्वच्छता में अहम भूमिका निभाते हुए नागरिकों को परिसर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया. स्वच्छता अभियान में

सहायक आयुक्त (स्वास्थ्य) शैलेश डोंडे, स्वास्थ्य निरीक्षक जे.एम. सोनवणे, हरीश भण्डारी, विभाग प्रमुख फैसल तातली सहित मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 1से 5 अंतर्गत मनपा प्रभाग अधिकारी सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष आदि की टीम नियोजित तरीके से एकजुट होकर शहर स्वच्छता अभियान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

# भिवंडी के 'आशियाना संस्था' में जरूरतमंद बच्चों को ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन

- **भिवंडी के हर बच्चों को स्कूल तक पहुंचने में हर नागरिक करे सहयोग-- बालकृष्ण क्षीरसागर.**




**भिवंडी.** 'आशियाना' द्वारा आयोजित जरूरतमंद बच्चों को ड्रेस वितरण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भिवंडी मनपा उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर ने कहा कि भिवंडी शहर के प्रत्येक बच्चों को स्कूल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी शासन के साथ साथ हर नागरिक को भी उठानी चाहिए जिससे सर्व शिक्षा अभियान को सफल बनाया जा सके. गौरतलब हो कि भिवंडी शहर में बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों का पालन पोषण और शिक्षा देने वाली श्री साईं सेवा संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर स्वाती सिंह द्वारा फेने गांव, कामतघर में 'आशियाना' नामक संस्था चलाई जा रही है. बच्चों को बाबा रामप्रसाद सिंह मानव सेवा समिति उ प्र के प्रेरणाश्रोत की पुण्यतिथि पर ड्रेस वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनपा उपायुक्त (शिक्षण विभाग) बालकृष्ण क्षीरसागर, मनपा शिक्षा अधिकारी सौदागर शिखरे ,उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह (दादा ठाकुर), श्रीराज सिंह, एड प्रवीण मिश्रा, मनोज सिंह, उदयराज सिंह, पत्रकार गुरुप्रसाद सिंह, रामशंकर केसरवानी, पत्रकार संजय दुबे, अजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रेम तिवारी, रागनी मिश्रा,शालिनी प्रजापति,सरोज पांडे, राधा कुर्मी, वंदना मौर्या सहित अन्य लोग उपस्थित थे. संस्था से जुड़ी महिलाओं ने अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष डॉ स्वाति सिंह ने किया.

# बच्चों के साथ मनाया गया दादा-दादी दिवस

- **बच्चों के स्वागत और आरती उतारने से छलक उठे बुजुर्गों के आंखों से आंसू**



**भिवंडी.** घर के बच्चों में संस्कार डालने में माता-पिता और परिवार के बुजुर्गों की बड़ी भूमिका होती है. बचपन में नन्हे-मुन्नों को धार्मिक प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाने में सभी ने बहुत आनंद का अनुभव किया है. बच्चों द्वारा बुजुर्ग दादा-दादी की पूजा और सम्मान करने के उद्देश्य से, शहर के सामान्य शिक्षण संस्थान के प्री-प्राइमरी स्कूल में बुधवार (24) को दादा-दादी दिवस मनाया गया.स्कूल के बच्चों के अपने दादा-दादी के साथ स्कूल आने पर, सभी का गुलाब के फूलों से स्वागत किया गया. बच्चों ने अपने दादा-दादी की पूजा करने के बाद उनका आशीर्वाद लिया. प्री-प्राइमरी विभाग के अध्यक्ष शाम सिंहसाने, उनकी पत्नी ई.टी. गायकवाड़, स्कूल शिक्षा समिति के विजय म्हात्रे और प्राइमरी विभाग की प्रधानाचार्या श्रीमती शुभांगी पाटिल, छात्रों की सराहना की. प्री-प्राइमरी विभाग की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनीता सुतार ने बताया आजकल परिवारों के अलग होने के कारण छोटे बच्चों की उपेक्षा होती है, जिससे छात्रों में उदासीनता बढ़ती है. और इसका उनके जीवन पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है. स्कूल द्वारा पिछले तीन वर्षों से यह पहल की जा रही है.विद्यार्थियों के साथ-साथ दादा-दादी भी कार्यक्रम में शामिल हुए और उनकी आँखों में खुशी के आँसू भी छलक आए.अंत में, दादा-दादी के साथ कुछ खेल खेले गए.शिक्षिकाओं वंदना वानखेड़े, इंदु जाधव, नूतन केनन, मनीषा जाधव, प्रसन्ना भोई, अनुश्री गद्रे ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कड़ी मेहनत की.


# हत्या के आरोपी को 7 साल की सजा

**भिवंडी.** पैसे के लेनदेन में 19 नवंबर, 2017 को एक मज़दूर की आपसी कहा सुनी के बाद हुई मारपीट में हत्या कर दी गई थी.उक्त मामले में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. शहर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में सबूत पेश किए, जिसके बाद भिवंडी जिला एवं सत्र न्यायालय ने हत्या के मुख्य आरोपी को 7 साल कैद की सजा सुनाई है.

पद्मा नगर निवासी रामशीला फुलकरण पासवान निवासी उत्तर प्रदेश ने 19 नवंबर, 2017 को पैसों के विवाद में नारायण कंपाउंड इलाके में कमलेश कुमार पटेल की लकड़ी के डंडों और कुंद वस्तुओं से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी. हत्याकांड में रामशीला पासवान के साथ उसके साथी राधेश्याम उर्फ दद्दन सियाराम श्रीवास्तव, कन्हैया बालू मल्ला, छोटूनाथ उर्फ बिपिननाथ रचनाथ बंगाली, फुलकरण मोहन पासवान, दादू सियाराम पासवान को भी शहर पुलिस ने हत्या के जुर्म में गिरफ्तार किया था. भिवंडी जिला एवं सत्र न्यायालय में मामले की अंतिम सुनवाई और फैसले के दौरान, न्यायाधीश एन.के. काले ने मुख्य आरोपी रामशीला फुलकरण पासवान को 7 साल की कैद और आठ हज़ार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई, और जुर्माना न चुकाने पर चार महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई. उक्त जानकारी सरकारी वकील एडवोकेट विजय मुंढे ने दी.

# सोनू सूद से ED की 7 घंटे तक पूछताछ

- **सट्टेबाजी एप प्रमोशन केस से जुड़ा मामला**
- **पूर्व क्रिकेटर युवराज-सुरेश रैना भी दे चुके हैं बयान**



सोनू सूद बुधवार दोपहर 12 बजे अपनी लीगल टीम के साथ दिल्ली के ईडी कार्यालय पहुंचे। यहां अधिकारियों ने उनसे लगभग 7 घंटे तक पूछताछ की। यह पूछताछ ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप 1xBet के प्रमोशन से जुड़े मामले में की गई।

अधिकारियों का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA) के तहत एक्टर का बयान दर्ज किया गया है। वहीं, इससे एक दिन पहले मंगलवार को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और एक्ट्रेस अन्वेशी जैन से भी इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे थे। युवराज सिंह से पहले ED शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, सुरेश रैना और हरभजन सिंह से पहले ही पूछताछ कर चुकी है।

### करोड़ों की ठगी और टैक्स चोरी की जांच

यह जांच अवैध बेटिंग एप्स से जुड़ी है। कंपनी पर आरोप है कि उसने लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी की है या बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी की है।

कंपनी का दावा है कि 1xBet एक वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त बुकी है, जो पिछले 18 सालों से बेटिंग इंडस्ट्री में है। इसके ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं। कंपनी की वेबसाइट और एप 70 भाषाओं में उपलब्ध हैं। 1xBet चांस बेस्ड गेम्स एप है।

# 17 मौतों के मामले में निलंबित IPS पर कार्रवाई

- **विभागों को कार्रवाई का आदेश**

**मुंबई.** घाटकोपर रेलवे स्टेशन के पास पेट्रोल पंप परिसर में 13 मई, 2024 को लगी विशाल होर्डिंग तेज हवा और भारी बारिश के कारण गिर गई थी। इस हादसे में 17 नागरिकों की मौत और 80 से अधिक लोग घायल हुए थे। हादसे की जांच के लिए राज्य सरकार ने पूर्व न्यायमूर्ति दिलीप भोसले की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति बनाई थी।

जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाले और सुझाव दिए। इसके बाद गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक और समिति ने विभिन्न विभागों द्वारा कार्यान्वयन का सत्यापन किया। अब महाराष्ट्र कैबिनेट ने इस रिपोर्ट पर एक माह के भीतर कार्रवाई करने का आदेश संबंधित विभागों को जारी किया है।

इस हादसे में निलंबित IPS अधिकारी, बीएमसी के अधिकारी, ईगो मीडिया के निदेशक भावेश भिंडे और जान्हवी मराठे, तथा व्यवसायी मोहम्मद अरशद खान को आपराधिक षड्यंत्र रचने का दोषी ठहराया गया है। जांच में सामने आया कि IPS अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग कर ईगो मीडिया को नियमों के विपरीत विशाल होर्डिंग लगाने की अनुमति दी। आरोप है कि इसके बदले में भावेश भिंडे से करीब एक करोड़ रुपए लिए गए थे।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट में 21 सुझाव दिए। इनमें नियमित निरीक्षण, अनधिकृत बोर्डों के खिलाफ नोडल तंत्र की नियुक्ति, अधिकतम आकार 40 फीट गुणा 40 फीट तय करना, और होर्डिंग्स को छतों या परिसर की दीवारों पर न लगाना शामिल है। इसके अलावा यातायात सुरक्षा, पैदल यात्री सुरक्षा और विकलांगों के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी दिए गए। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब एक माह के भीतर सभी संबंधित विभागों को रिपोर्ट की सिफारिशों पर कार्रवाई करनी होगी। कार्रवाई में न केवल निलंबित IPS अधिकारी बल्कि अन्य दोषियों पर भी कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

घाटकोपर हादसा न केवल एक बड़े सुरक्षा संकट को उजागर करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार कितनी जानलेवा साबित हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी सुरक्षा और नियामक उपाय सख्ती से लागू किए जाएंगे।


## आम सूचना

हम श्री विजय नानिकराम भाटिया व श्रीमती लिना विजय भाटिया सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 104, पहला मजला, बी विंग, शांति सागर अपार्टमेंट, प्लॉट नं. 586, चालता नं. 162, शीट नं. 75, ब्लॉक नं. ए-25 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 11एआय015212400) उक्त प्रॉपर्टी श्री मोहनलाल नानिकराम भाटिया के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री विजय नानिकराम भाटिया व श्रीमती लिना विजय भाटिया**










यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099